समर कैम्प से बच्चों की प्रतिभा को... पृष्ठ 2 | सुशासन तिहार के माध्यम से जनमानस... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 08 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 169, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का किया भूमिपूजन

### एनटीपीसी लारा के सीएसआर फंड से 35 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक अस्पताल का होगा निर्माण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने मंच पर भगवान श्री राम, भारत माता, बिरसा मुंडा, स्वर्गीय जगदेव राम उरांव और स्वर्गीय बाला साहब देशपांडे के छायाचित्र पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने च्सेवांकुर भारत: एक सप्ताह देश के नामज् कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत आदिवासी क्षेत्रों में किए जा रहे सेवाभाव की सराहना की। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के महाप्रबंधक श्री रविशंकर ने कलेक्टर श्री रोहित व्यास को जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय के निर्माण के लिए 35 करोड़ 53 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनजातीय लोगों के सेवाकार्य और इन क्षेत्रों के विकास में स्वर्गीय जगदेव राम उरांव, स्वर्गीय बाला साहब देशपांडे, स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का निर्माण मानव समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी लारा के सीएसआर फंड से इस अस्पताल के निर्माण के लिए 35 करोड़ 53 लाख रुपये आबंटित किया गया है। इस अस्पताल के बन जाने से जशपुर और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल के रहवासियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस बार के बजट में जशपुर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद से अब तक के कार्यकाल में ही मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर लिया गया है। कैबिनेट की




पहली ही बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह 01 हजार रुपये देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा 5500 रुपये मूल्य निर्धारित किया गया है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का विकास किया जा रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से आदिवासी इलाकों का विकास कार्य और नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से बस्तर के नक्सल प्रभावित ग्रामों में विकास किया जा रहा है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को श्री बालाजी मंदिर राजनांदगांव में होगा भव्य आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** श्री बालाजी मंदिर समिति, पुरानी गंज मंडी द्वारा इस वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 12 अप्रैल 2025, शनिवार को किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विविध धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई है।

कार्यक्रम की शुरुआत 11 अप्रैल, शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से श्री अखंड रामचरितमानस पाठ से होगी, जो अगले दिन तक अनवरत चलेगा।

**12 अप्रैल शनिवार को प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे:** प्रात: 4 से 6 बजे – सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ प्रात: 6 बजे – प्रभात फेरी।प्रात: 7 बजे से – श्री हनुमान जी का महाभिषेक। प्रात: 8:30 बजे – श्रृंगार आरती। प्रात: 10 बजे – हवन एवं पूजन। दोपहर 12 से 3 बजे – महाप्रसादी। दोपहर 3:30 बजे – सामूहिक सुंदरकांड पाठ (बालाजी भक्तों द्वारा)। रात्रि 7:15 बजे – महाआरती। रात्रि 7:30 बजे से – भजन संध्या इस आयोजन में भक्तों के लिए स्वास्थ्यवर्धक खिचड़ी प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसकी स्वामिनी सेवा राशि 2100/- रुपये निर्धारित की गई है। श्री बालाजी मंदिर समिति, राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से भारी संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव : ग्रामीण विकास और प्रोटीन क्रांति की नई पहल : बहादुर अली, एमडी, आईबी ग्रुप




**रायपुर ( नांदगाँव टाइम्स ) ।** आज रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री बहादुर अली ने देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर मीडिया से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी की निदेशक श्रीमती जोया आफरीन आलम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।श्री अली ने कहा, च्हमने गांव में रहकर गांव के विकास की सोच के साथ इस पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया है। इसमें देशभर से पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े ट्रेडर्स और किसान शामिल होंगे। आईबी ग्रुप की सफलता का श्रेय हमारे जुड़े हुए लोगों को जाता है, इसलिए उनका विकास हमारी प्राथमिकता है। जब हमारे लोग आगे बढ़ेंगे, तभी कंपनी भी आगे बढ़ेगी।ज्उन्होंने बताया कि वर्ष 2035 तक भारत को विकसित पोल्ट्री राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य देश में प्रोटीन की कमी को दूर कर हर नागरिक को स्वस्थ बनाना है। साथ ही रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से हर घर को आर्थिक रूप से समृद्ध कर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य तैयार किया जाएगा।

**अस्मिता योजना से ग्रामीण महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर**

राज्य सरकार की लखपति दीदी योजना को समर्थन देते हुए आईबी ग्रुप ने अस्मिता योजना शुरू की है, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को पोल्ट्री फार्मिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। च्हमारे एक फार्म से लगभग 300-500 लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलता है। इससे न सिर्फ पलायन रुकता है, बल्कि गांव में दुकानें, ट्रांसपोर्ट और बिजली जैसी सुविधाओं का भी विकास होता है,ज्ज् श्री अली ने बताया।

**गांवों में आई नई जागरूकता**

श्री अली ने बताया कि अब ग्रामीण सरपंच खुद कंपनी से संपर्क कर अपने गांव में पोल्ट्री फार्म शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। च्अभी तक दस गांवों के सरपंचों ने आग्रह किया है कि आईबी ग्रुप उनके गांव में फार्म लगाए, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके,ज्ज् उन्होंने कहा।

**आईबी ग्रुप का राष्ट्रीय विस्तार**

वर्तमान में भारत के पोल्ट्री व्यवसाय में आईबी ग्रुप की 20त्न भागीदारी है, जिसे बढ़ाकर 50त्न तक ले जाने की योजना है। श्री अली ने बताया कि आईबी ग्रुप देश की इकलौती कंपनी है जो




किसानों को व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ उनके परिवारों के विकास पर भी जोर देती है।

**छत्तीसगढ़ बनेगा प्रोटीन हब**

प्रोटीन पोषण पर ज़ोर देते हुए श्री अली ने कहा कि कंपनी सोया चंक्स के जरिए शाकाहारी प्रोटीन के प्रचार-प्रसार में लगी है, ताकि छत्तीसगढ़ को देश का पहला प्रोटीन हब बनाया जा सके।

**मक्का की खेती बनेगी भविष्य का आधार**

श्री अली ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ के किसान भविष्य में धान के स्थान पर मक्का की खेती की ओर अग्रसर होंगे क्योंकि इसमें लागत कम है और यह नगद फसल के रूप में अधिक लाभकारी है। अगले 10 वर्षों में मक्का राज्य की प्रमुख फसल बन जाएगी।अंत में, उन्हों-ने मीडिया को आमंत्रित करते हुए कहा कि रायपुर के होटल ओमाया में आयोजित दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव को कवर करें और इस महत्वपूर्ण पहल को जन-जन तक पहुँचाने में

## छत्तीसगढ़ में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर अब तक का सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला पहला बैंक बना

**रायपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 216 करोड़ का सकल लाभ अर्जित हुआ है, जो कि विगत वर्ष से 84 करोड़ अधिक है। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास द्वारा शनिवार को अवगत कराया गया है कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा (आईएएस) के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का लाभार्जन संभव हुआ है। बैंक से संबद्ध हितग्राहियों, किसानों तथा ग्राहकों की सुविधा बैंक के लिए सर्वोपरि है। यही कारण है कि अमानतदारो तथा किसानों के द्वारा बैंक के प्रति विश्वास जहीर किया गया है। बैंक से संबद्ध 550 सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण के अतिरिक्त मध्यकालीन, दीर्घकालीन ऋण- ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, तारफेसिंग आदि ऋण दिए जा रहे है।वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 3.93 लाख किसानों को 1886 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त कृषि ऋण का वितरण किया गया।






## सिंघोला में रामलला के दर्शन करने उमड़ी भीड़

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में रामलला के



दर्शन करने के लिए भीड़ उमर पड़ी । रामनवमी के अवसर पर महाकाल मंदिर में विशेष अनुष्ठान संपन्न हुए। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में 9 दिन तक भगवान महाकाल के साथ-साथ अन्य स्थापित देवताओं की पूजा होती रही। जूनागढ़ गुजरात से पधारे भागवताचार्य शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी व्यास ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिए तथा आशीर्वाद प्राप्त किए। रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर में पिछले तीन दिनों से भगवान श्री राम के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा।

## मच्छर शरीर के बाहर और मत्सर अंदर कष्ट देते हैं-शास्त्री श्री ईश्वर चंद्र जी व्यास

### माता की विसर्जन यात्रा निकाली



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जूनागढ़ गुजरात से पधारे प्रख्यात कथा वाचक शास्त्री श्री ईश्वर चंद्र जी व्यास ने कहा कि मच्छर शरीर के बाहर और मत्सर शरीर के अंदर कष्ट देते हैं। शरीर के बाहर कष्ट पहुंचाने वाले को तो आप सहन कर लेंगे किंतु शरीर के भीतर कष्ट पहुंचाने वालों को आप कैसे सहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मत्सर का मतलब द्वेष - विद्वेष और ईर्ष्या का भाव होता है। गायत्री शक्तिपीठ में माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन 6 अप्रैल को सुबह 8:00 से 9:00 बजे कथा सुनाते हुए शास्त्री जी ने उक्त उद्गार व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि किसी के प्रति द्वेष रखना या फिर ईर्ष्या का भाव रखना काफी कष्टदायक होता है। उन्होंने कहा कि यह भाव मन के भीतर ना आने दे। कथा के बाद अन्नकूट महाप्रसाद जी का आयोजन हुआ जिसमें 4 से 5 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। 7 अप्रैल को शाम 4:00 बजे विसर्जन यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा ने बताया कि जूनागढ़ गुजरात से पधारे शास्त्री श्री ईश्वर चंद्र जी व्यास प्रख्यात कथाकार हैं। उन्होंने अब तक 650 स्थानो में कथा सुनाई है। राजनांदगांव में छठवीं बार उनका



आगमन हुआ था। वे संगीत में विशारद है और रसायन शास्त्र में एमएससी किए हैं। साथ में संस्कृत और व्याकरण का विशेष अभ्यास किया है। वे 15 साल की उम्र से कथा सुना रहे हैं और सभी प्रकार की कथाएं सुनाते हैं। भागवत, रामायण एवं देवी भागवत के साथ ही शिव पुराण में वे विशेष दक्षता रखते हैं। वे विष्णु सहस्त्रनाम के लिए भी प्रसिद्ध है।

nandgaon times   April-08-01.qxd   4/7/2025   11:26 PM   Page 2



# समर कैम्प से बच्चों की प्रतिभा को पहचानने का अच्छा अवसर - कलेक्टर

## स्कूलों में स्वैच्छिक समर कैम्प 1 मई से 15 मई तक होगा आयोजन , कलेक्टर ने 346 प्राथमिक शालाओं के लिए संपर्क डिवाईस का किया वितरण

**प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल**

**जनसहभागिता से सभी प्राथमिक शालाओं के लिए शत प्रतिशत संपर्क डिवाईस उपलब्ध**

**कलेक्टर ने स्कूलों में समर कैम्प आयोजन और संपर्क डिवाईस संचालन के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्कूलों में समर कैम्प आयोजन और संपर्क डिवाईस संचालन के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जनसहयोग से प्राप्त 346 संपर्क टीवी डिवाईस का वितरण भी किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष बहुत अच्छा समर कैम्प का आयोजन किया गया था। उसी तरह इस वर्ष भी स्वैच्छिक समर कैम्प जिले के सभी स्कूलों में 1 मई से 15 मई तक आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही समर कैम्प को बेहतर एवं उपयोगी बनाने के लिए न्यौता भोज का भी आयोजन करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए समर कैम्प बहुत अच्छा कार्यक्रम है। उन्होंने समर कैंप में जल बचाने की थीम को लेकर एवं बच्चों की रचनात्मकता को उजागर करने तथा छुपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए बच्चों की रूचि अनुसार समर कैंप का संचालन करने कहा। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा की पहचान कर आगे बढ़ाने का अवसर है और बच्चों के संकोच को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। जिससे दूसरे बच्चों को सीखने को मिलता है। ऐसे बच्चों का विशेष रूप से चिन्हांकन करके उनकी गतिविधियों को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की शारीरिक गतिविधियां बढ़ती है। उन्होंने कहा कि बच्चे तार्किक एवं सरल तरीके से बताने पर जल्दी समझते हैं इसके लिए समर कैम्प में बच्चों को किसी भी विषय को तार्किक तरीके से बताने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ते है और उनके जीवन में बदलाव ला सकते है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को प्रोत्साहित करते रहने के लिए कहा।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जनसहयोग से प्राप्त 346 संपर्क डिवाईस का प्राथमिक शालाओं को वितरण किया। उन्होंने कहा कि संपर्क डिवाईस के माध्यम से सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिल रही है। इसके माध्यम से जिले के अंतिम गांव के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिलती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संपर्क डिवाइस को लेकर सभी स्तर पर मॉनिटरिंग किए जाने एवं तकनीक से जोड़कर बच्चों को किस प्रकार से बेहतर उनके लर्निंग आउटकम को प्राप्त किया जा सकता है इसके संबंध में जानकारी दी। सभी ने इस कार्य में स्वप्रेरित होकर जुडने़ कहा। जिससे शासकीय स्कूलों के बच्चों में आवश्यक बुनियादी गुणवत्ता ला सके।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने समर कैम्प में पालकों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। समर कैम्प में जल संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने वृक्षारोपण करने के बाद पौधों की सुरक्षा कैसे करें इसके संबंध में भी बच्चों को अच्छे से जानकारी देने कहा। उन्होंने सभी को संपर्क टीवी डिवाईस के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने संपर्क डिवाईस संचालन के लिए शिक्षकों का रोस्टर के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने कहा। जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहरे ने कहा कि सभी स्कूलों में स्मार्ट टीवी का रखरखाव बेहतर तरीके से हो एवं संपर्क टीवी डिवाइस को भी बेहतर तरीके से संचालन करें। संपर्क टीवी डिवाइस का स्कूल में बेहतर तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने कहा।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। प्राथमिक शाला के क्षेत्र में जिले में सभी स्कूलों में जनसहयोग से स्मार्ट टीवी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपरांत, उन सभी स्मार्ट टीवी को संपर्क टीवी डिवाइस से जोडने़ के लिए जन सहयोग से संपर्क टीवी डिवाइस की उपलब्धता आज जिले ने शत-प्रतिशत सुनिश्चित कर ली है। जिले के कुल प्राथमिक 771 शालाओं में सभी में आज जिले ने एक उपलब्धि हासिल करते हुए 771 शालाओं में संपर्क डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करा ली है। इसी के साथ जिले के 400 माध्यमिक शालाओं में से 100 माध्यमिक शालाओं में माध्यमिक शालाओं के लिए संपर्क टीवी डिवाइस की उपलब्धता हेतु रणनीति बना ली गई है, जिसको आगामी सप्ताह के भीतर लक्ष्य को भी प्राप्त कर लिया जाएगा। इस प्रकार से जिले ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक को जोड़कर एक बेहतर प्लेटफार्म बच्चों को स्कूलों को पालकों को उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया है।

बैठक का संचालन एपीसी समग्र शिक्षा श्री मनोज मरकाम ने किया। इस अवसर पर सहायक संचालक श्रीमती संगीता राव, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, एडीपीओ समग्र शिक्षा श्री पी आर झाड़े, एपीसी समग्र शिक्षा श्री केपी विश्वकर्मा, एपीसी समग्र शिक्षा श्री आदर्श वासनिक, एपीसी समग्र शिक्षा श्रीमती परिणीता शर्मा सहित सभी विकासखंडों के शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## ओड़ारबांध मे रामनवमी पर दाई की दुलारवा मानस परिवार की हुई प्रस्तुति

**ग्रामीणों ने सरपंच सुनीता साहू को किया सम्मानित**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोगरगांव ग्राम ओडारबांध में आदिवासी युवा उत्थान समिति एवं समस्त ग्रामवासी की सहयोग से





प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी चैत्रनवरात्र रामनवमी के शुभअवसर पर भगवान राम , शंकर और हनुमान जी की प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना कर साथ में महाप्रसादी भंडारा की वितरण किया गया और साथ में श्री दास बंटी गोपाल कुंभज की मानस मंडली दाई के दुलार मानस परिवार की प्रस्तुति के हुई। और बड़े हर्ष के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती कांति चंद्रवंशी, जनपद सदस्य , छत्रपाल चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य , सरपंच श्रीमति सुनीता साहू श्रीमती प्रमिला उइके, रोशन कोर्राम, बिंदेश्वरी साहू दिलेश्वरी, तुलसी धनकर समस्त पंचगण व ग्रामवासी माधोराम, रघुनाथ नेताम मोहन साहू पंचराम मनोहर साहू भागवत सिन्हा, सुलतान नेताम मनबोध साहू झूमक मांडवी प्रमोद, गिरधर, राजेश, कुलेश्वर तोषण, महेंद्र , महेश, भानु , कमलेश भीष्म कृष्णा एवं समस्त कार्यकर्ता ने कथा का आनंद लिया और सभी अतिथियों को धन्यवाद आभार प्रगट किया।

**शुभांक**

4-7-8

180-9 588-1

**भाग्यांक**

147-2 ----

### सप्ताह के सितारे (08 अप्रैल 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| मंगल | 2- 5 - 8 - 9 | 25-52-29-91-59-95 |
| बुध | 4 - 5 - 6 - 0 | 45-54-46-64-40-04 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 4 - 5 - 6 - 7 | 49-94-56-65-50-05 |
| शनि | 1 - 7 - 8- 9 | 19-91-79-97-89-98 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 1 - 6 - 7 - 8
सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 12- 37 -76 -86

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 16 - 17 - 18 | (6) 61 - 66 - 67- 68 |
| (2) 21 - 26 - 27 - 28 | (7) 71 - 76 - 77 - 78 |
| (3) 31 - 36 - 37 - 38 | (8) 81 - 86 - 87 - 88 |
| (4) 41 - 46 - 47 - 48 | (9) 91 - 96 - 97 - 98 |
| (5) 51 - 56 - 57 - 58 | (10) 01 - 06 - 07 - 08 |

**बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड**

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 21-01-80-39-20-01 | 79-11-21-76-00 |
| 49-89-83-29-**-44 | 52-48-25-41-** |
| 82-01-14-33-70-13 | 28-44-55-96-94 |
| 33-00-10-79-41-96 | 57-36-21-28-17 |
| 12-04-66-61-62-02 | 40-70-02-68-53 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# लखपति दीदी योजना महिलाओं के हुनर एवं कारीगरी व बुनाई को तराशने में हो रही कारगर साबित

**महिलाएं बन रही आर्थिक दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर, हथकरघा उद्योग से प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रूपए से 12 हजार रूपए तक बुनाई मजदूरी होगी प्राप्त**



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महिलाओं के हुनर एवं कारीगरी व बुनाई को तराशने के लिए जिले में लखपति दीदी योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त करने की दिशा में यह प्रयास कारगर साबित हो रहे है। हाथों से बने सुंदर वस्त्रों की मार्केट में अच्छी डिमांड है, वहीं स्थानीय स्तर पर भी मांग है। हथकरघा बुनकर हमारे देश की बहुमूल्य धरोहर है। अच्छी बुनावट, मोहकता, रंग संयोजन, एवं अच्छी गुणवत्ता से हथकरघा में बुने वस्त्र जनमानस में लोकप्रिय है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के

**व्यय रजिस्टर में हर दिन के खर्च का रखना होगा हिसाब**

मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में डोंगरगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सेंदरी एवं नारायणगढ़ की 20-20 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से जिला खनिज संस्थान न्यास राजनांदगांव मद से ग्रामोद्योग हाथकरघा विभाग द्वारा हाथकरघा वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया।ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने़ की दिशा में हाथकरघा उद्योग से लखपति दीदी योजना बहुत ही प्रभावी साबित हो रही है। महिलायें बुनाई प्रशिक्षण में ट्यूनिक वस्त्र गणवेश, चादर, टॉवेल, बेडशीट



सहित अन्य वस्त्र निर्माण कार्य का प्रशिक्षण ले चुकी हैं। वर्तमान में प्रशिक्षित महिलाएं जय गढ़माता बुनकर सहकारी समिति मर्यादित ठाकुरटोला के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित रायपुर की शासकीय वस्त्र प्रदाय योजना के तहत वस्त्र उत्पादन एवं विपणन कार्य कर रही हैं। जिससे उन्हें प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रूपए से 12 हजार रूपए तक बुनाई मजदूरी होगी और उन्हें 12 महीने रोजगार प्राप्त हो रहा है। इस तरह सालाना एक लाख रूपए से अधिक की आय प्राप्त कर प्रत्येक महिलाएं लखपति दीदी बनने एवं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं।

## भाजपा ग्रामीण मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** भारत को समर्थ और शसक्त राष्ट बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया था, भारतीय जनता पार्टी का आज 46 वां स्थापना दिवस के अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से बताया,



उन्होंने देश की आजादी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा सन् 1951 में जनसंघ की स्थापना और कश्मीर के विषय में डॉ. मुखर्जी का बलिदान हुए। सन् 1977 तक जनसंघ की यात्रा और उसके बाद 6 अप्रैल 1980 को मुंबई में भाजपा का महा अधिवेशन हुआ और 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ उसके बाद कमल छाप चुनाव चिन्ह मिला।। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू ने क्षेत्र के विकासकार्यों के बारे में चर्चा किया, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने संगठन के विषय के बारे में बताया। तेजलाल वर्मा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कचरु राम हिरवानी ने किया। कार्यक्रम में डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल के जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजलाल वर्मा जी, लखन जंघेल जी, डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष जीवन वर्मा, छबील साहू, दिनेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा जी, दुर्गा प्रसाद नायडू, कन्हैया वर्मा जी, हेमकुमार साहू, रेखराज वर्मा, कमल किशोर साहू, रवि यादव, घनश्याम बाराडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा, जितेन गेंडरे, सतीश वर्मा, सदाराम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोहन वर्मा, मनीष सोनी, दिलीप महोबिया, मुरली गेडाम, मनोहर गेडाम, हुमन वर्मा, बहाल देवांगन, श्यामलाल कंवर, शैलेंद्र महोबिया हरदेव वर्मा, मोतीराम वर्मा,गिरधारी वर्मा, राजकुमार सेन जी, प्रभात वर्मा जी, संतोष वर्मा, सेवक वर्मा, कमलेश वर्मा, लखन देशलहरे, संपत सेन एवं सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## जल है तो कल है ग्राम कोलिहापुरी (छी) में ग्रामीणों ने निकाली प्रेरणादायक जल यात्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत कोलिहापुरी (छी) में जल संरक्षण की अलख जगाने के उद्देश्य से एक अद्भूत और भावुक क्षण सामने आया, जब गांव की नारी शक्ति ने मिलकर जल यात्रा निकाली। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, बल्कि प्रकृति के प्रति आभार और आने वाली पीढियों के लिए संकल्प का प्रतीक बन गई। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता फूलबासन बाई यादव और जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को एक नई ऊर्जा दी।



जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों को जल के रख-रखाव, संरक्षण एवं समुचित उपयोग के लिए उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे महात्मा गांधी नरेगा और अन्य योजनाओं के माध्यम से वर्षा जल संचयन, परंपरागत जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और सामूहिक प्रयासों से जल संकट से निपटा जा सकता है। पद्मश्री फूलबासन यादव ने अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर बताया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें नल को समय पर बंद करना, बर्तन धोते समय जल का अपव्यय रोकना, वर्षा जल को संग्रहित करना जैसे आदते हमारे समाज को जल समृद्ध बना सकते हैं। उनका सादगी भरा परंतु प्रभावशाली संदेश ग्रामीणों के दिलों को छू गया। सड़क पर निकली इस जल यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में, कलश और बैनर लिए हुए, गाते-बजाते चल रहीं थीं। यह दृश्य न केवल सौंदर्यपूर्ण था, बल्कि यह हमारे समाज में जागरूकता और बदलाव की एक नई लहर का संकेत भी दे रहा था।

# जिला गोंड़ समाज युवा प्रभाग का गठन एवं शपथ समारोह सम्पन्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला आदिवासी गोंडवाना भवन रामकृष्ण नगर राजनांदगांव में दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की गई । बैठक के प्रारंभ में बूढ़ादेव के पूजा अर्चना करने के पश्चात जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढ़े को उपस्थित समाज प्रमुखों के द्वारा चांवल का टीका लगाकर सम्मान किया गया के पश्चात जिले भर के समाज प्रमुख युवा युवती उपस्थित हुए इन सबका परिचय प्राप्त किया। युवा प्रभाग गोंड़ समाज का गठन मनोनित रूप से किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें छानबीन के पश्चात समाज प्रमुखो ने मिलिट्री से लौटे फौजी जवान 22 वर्षो के बाद सेवक के लिए इच्छा जाहिर की । समाज ने बहुत बढ़ी जिम्मेदारी सौंपी। आप पहले फौजी होकर देश की सेवा किया अब उसी तरह से गोंड़ समाज के सेवा करने के लिए सामने आए हैं । आपको जिलाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर युगल किशोर ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपस्थित लोगो ने उनका अभिवादन किया के पश्चात उपाध्यक्ष के पद पर यादराम गोंड़, डोमार गोंड़, उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, सचिव मनीष मंडावी, सहसचिव मोरध्वज ठाकुर, महासचिव प्रवीण कुमार कुंजाम, प्रवक्ता सौरभ पुराम, कोषाध्यक्ष बुधराम, सदस्य रंजित उइके एवं 15 कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। उन्हें समाज के समक्ष शपथ समारोह नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। गढ़े जी ने अपने मुखारङ्क्षवद से उनके उज्जवल भविष्य के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी । महिला प्रभाग का भी गठन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख सदस्य लीलाराम मंडावी, संतोष छेदैया, बिसौहा मरकाम, डुमन तुमरेकी, परमानंद नेताम, जितेन्द्र पडौती, कन्हैया टेकाम, रमेश मंडावी, रामानंद उइके, नीलकुंवर,



पुरन पडौती, युवराज, बसंत मरकाम, श्रीमति हनिता पडौती, श्रीमति प्रमिला मंडावी, श्रीमति किरण ठाकुर, श्रीमति देहुति पुराम, पंचूराम ठाकुर, श्यामलाल मंडावी, राजेन्द्र मंडावी, कृपाल उइके, रामसिंग उइके, जगदीश ठाकुर, सुमन उइके, करण नेताम आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

nandgaon times April-08-01.qxd 4/7/2025 11:26 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) अशोक के शासन में आयोजित बौद्ध संगीत का अध्यक्ष कौन था?*
*2) कोई व्यक्ति भारत के अटॉर्नी जनरल बनने की योग्यता प्राप्त कर लेता है यदि वह किस पद की योग्यता प्राप्त कर लेता है?*
*3) पृथ्वी की भूमध रेखा की कुल लम्बाई लगभग कितनी है?*
*4) ज्यादा वैयक्तिक होना, किस प्रकार का सम्प्रेशण माध्यम है?*
*5) प्रसिद्ध नाबाकलेबर त्योहार किस प्रदेश से संबंधित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मोगलिपुत्र तिश्य (2) सुप्रीम कोर्ट का न्यायधीश (3) 40075 किमी (4) नकारात्मक सम्प्रेशण माध्यम (5) ओडिशा

छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार-2025 का होगा आयोजन

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार आयोजन के संबंध में कलेक्टरों को दिए दिशा-निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी करते हुए सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के निर्देश दिए हैं। यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से मिले, जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर सुशासन तिहार-2025 के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है। प्रत्येक जिले की परंपराओं, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार नवाचार भी किए जा सकते हैं, जिससे यह तिहार अधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बने। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर भी की जाए। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन संग्रह किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है।

# सुशासन तिहार के माध्यम से जनमानस को अभिव्यक्ति का मिला एक सशक्त माध्यम - कलेक्टर

## नागरिकों के लिए सकारात्मक महौल में सकारात्मक व्यवहार के साथ कार्य करने की जरूरत




राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सुशासन तिहार के दृष्टिगत जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की बहुत अच्छी पहल है, जिसके माध्यम से लोगों के लिए एक अच्छा अवसर मिला है, कि वे अपनी समस्याओं एवं मांगों से शासन को अवगत करा सकते है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनमानस को अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम मिला है। इसके लिए सभी को सकारात्मक माहौल में सकारात्मक व्यवहार के साथ कार्य करने की जरूरत है। शासन जनसामान्य तक प्रत्यक्ष तौर पर पहुंच रही है, इसके लिए सभी अधिकारी समस्याओं का समाधान करते हुए नागरिकों की बेहतरी के लिए कार्य करें। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालय और नगरीय निकाय वार्डों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर भी की जाएगी। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन संग्रह किये जा सकते है। उन्होंने कहा कि आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन देगे। ऑनलाईन पोर्टल, सुशासन तिहार के नाम से तथा सीएससी सेंटर से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों ही तरीकों से प्राप्त आवेदनों का दस्तावेजीकरण अच्छे से करने के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों को स्कैन करते हुए उसे कम्प्यूटर में अपलोड करना है, आवेदक अपने आवेदन का स्टेटस पता लगा सकेंगे। सभी विभाग समय पर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों के निराकरण किया जाएगा तथा तीसरे चरण एवं अंतिम चरण 5 मई से 31 मई 2025 तक कल्स्टर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा और एसएमएस के माध्यम से आवेदक को शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। आवेदकों के आवेदन समाधान पेटी में रखें जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में सभी अधिकारी ड्यूटी पर उपस्थित रहे। हर वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी देने के लिए मुनादी कराएं तथा दीवार लेखन कराने के निर्देश दिए। हर ग्राम पंचायत में कम्प्यूटर में आवेदन की प्रविष्टि कराएं। मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदनों को पृथक करें तथा शिकायत संबंधी आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। मांग से संबंधित आवेदनों में शासन की योजना के अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए अनुशंसा के साथ प्रस्ताव एवं पत्र भेज सकते है। सुशासन तिहार में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान आवेदन देने के लिए आने वाले बुजुर्गों एवं अन्य नागरिकों के लिए के बैठने के लिए व्यवस्था करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी एवं दीवार लेखन का कार्य कराने के साथ ही फ्लैक्स भी लगाएं। ग्राम पंचायतों में आवेदन लेने के बाद समाधान पेटी में क्रमांक भी होना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री महाबीर मूर्ति स्थापना एवं तीन दिवसीय मेला महोत्सव दस अप्रैल से

अरविन्द तिवारी



**जांजगीर चाम्पा ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के नवागढ़ विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले मां शंवरीन दाई की पावन धरा ग्राम अमोरा(महन्त) में श्री महाबीर मूर्ति स्थापना एवं तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन दस अप्रैल से किया गया है। इस मेला महोत्सव में किसी भी व्यापारी से कोई भी प्रकार का मेला चार्ज नहीं लिया जायेगा।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये कार्यक्रम के आयोजक श्री नव दुर्गा शक्तिपीठ परिवार के प्रमुख बाबा चन्द्रबली सनातनी ने अरविन्द तिवारी को बताया कि श्री महाबीर जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम अमोरा भांठापारा स्थित रामसागर तालाब में शनिदेव मंदिर के पास श्री महाबीर मूर्ति स्थापना की जायेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व्यास नारायण कश्यप होंगे , वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी कड़ी में तीन दिवसीय मेला महोत्सव के बारे में उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन दिवसीय मेला महोत्सव का भी आयोजन किया गया है। मेला के प्रथम दिवस दस अप्रैल गुरूवार को दोपहर तीन बजे पारंपरिक गाजे बाजे के साथ आयोजन स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी , जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुये देवरहा माई तालाब में जल भरकर वापस आयोजन स्थल रामसागर तालाब पहुंचेगी। दस अप्रैल गुरूवार की रात्रि नौ बजे से बारह अप्रैल शनिवार की सुबह नौ बजे तक अखण्ड कीर्तन भजन का कार्यक्रम रखा गया है। मेला महोत्सव के अंतिम दिवस शनिवार को वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री महाबीर की मूर्ति स्थापना कराया जायेगा। तत्पश्चात बारह अप्रैल शनिवार को दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम समायोजित होगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील किया है कि आप सभी इस मेला महोत्सव की शोभा बढ़ाने हेतु अपना स्थान सुनिश्चित कर लेवें , इस मेला महोत्सव में व्यापारियों से किसी भी प्रकार का मेला चार्ज नही लिया जायेगा। अगर किसी व्यापारी से यदि कोई व्यक्ति मेला चार्ज मांगता है या किसी बात का दबाव बनाता है , तो कृपया मंदिर परिसर में आकर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अंत में समस्त ग्रामवासियों की ओर से बाबा चन्द्रबली सनातनी ने लोगों से श्री महाबीर मूर्ति स्थापना एवं तीन दिवसीय मेला महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुशासन तिहार-2025 के आयोजन हेतु तैयारी शुरू करने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुशासन तिहार 2025 के आयोजन की तैयारी के संबंध में जिला कलेक्टरों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनआईसी कक्ष राजनांदगांव से जुड़े रहे। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसामान्य की समस्याओं के संबंध में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए सभी को आवश्यक तैयारी करने कहा। उन्होंने 8 अप्रैल से आवेदन प्राप्त करने के लिए मुनादी कराने तथा प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए माइक्रो प्लानिंग कर जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु गम्भीरता के साथ पहल किए जाने कहा। साथ ही अभियान के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनता को अवगत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के हेमंत वर्मा प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ नियुक्त भारतीय जनता पार्टी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए अनुसांगिक संगठनों में हर्ष का माहौल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइद्वम्स )।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय दिल्ली की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के कोपेडीह से ताल्लुक रखने वाले कट्टर हिंदुत्व विचारक एवं 20 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े व पत्रकारिता से जुड़े हेमंत वर्मा को छत्तीसगढ़ का विश्व हिंदू रक्षा परिषद का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गौरतलब है की श्री हेमंत वर्मा हिंदुत्व विचारधारा के लिए पूरे प्रदेश में जाने जाते हैं और भारतीय संस्कृति और संरक्षण के लिए जाने जाते हैं एवं विभिन्न पत्रकार संगठन से भी जुड़े हुए हैं और अपनी लेखनी के माध्यम से पूरे प्रदेश में विशिष्ट तौर पर पहचाने जाते हैं उनके कद और प्रतिष्ठा और निष्ठा को हिंदुत्व की प्रति देखते हुए विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने उन्हें छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है नव नियुक्त प्रदेश संयोजक हेमंत वर्मा ने कहा कि भारत देश की गौरवशाली संस्कृति को बनाए रखने एवं हिंदुत्व के विचारधारा को आगे बढ़ाना उनका उद्देश्य रहेगा साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गो हत्या धर्मांतरण पर भी रोक लगाना उनका उद्देश्य रहेगा उन्होंने अपनी नियुक्ति पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का आभार व्यक्त किया है और आशा व्यक्त किया है कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरे निष्ठा ईमानदारी समर्पण भाव से करेंगे उनकी प्रदेश संयोजक की नियुक्ति होने पर उनके अपने क्षेत्र डोंगरगांव विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गर्व और हर्ष का माहौल है श्री हेमंत वर्मा के प्रदेश संयोजक नियुक्त होने पर भारतीय जनता पार्टी की शीर्ष नेतृत्वकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया है एवं आशा व्यक्त किया है कि हेमंत वर्मा के नेतृत्व में विश्व हिंदू रक्षा परिषद छत्तीसगढ़ में तेजी से आगे बढ़ेगा आगे संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने बताया कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं सनातन सम्मान समारोह दिनांक 4 मई को इंदिरा गांधी सभागार गोमती नगर लखनऊ में रखा गया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहेंगे उन्होंने छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ो की संख्या में इस कार्यक्रम में पधारने की अपील किया है।

## धर्म समाचार....

# किस दिन मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव




मंगलवार का दिन राम भक्त हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन भगवान राम और हनुमान जी की पूजा की जाती है। साथ ही हनुमान जी के निमित्त मंगलवार का व्रत रखा जाता है। वहीं चैत्र पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है। हनुमान जन्मोत्सव मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और रामचरितमानस का पाठ किया जाता है। हर साल चैत्र पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और उनके परम भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के बाद (पांच दिन) हनुमान जी का अवतरण हुआ था। इस शुभ अवसर पर हर साल चैत्र पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मत है कि राम भक्त हनुमान जी की पूजा करने से काल, कष्ट, दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही शनि की बाधा भी दूर हो जाती है। ज्योतिष भी करियर और कारोबार में सफलता पाने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। हनुमान जी की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। इसके लिए साधक हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति भाव से राम जी संग हनुमान जी की पूजा करते हैं। आइए, हनुमान जन्मोत्सव की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**हनुमान जन्मोत्सव शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। चैत्र पूर्णिमा 12 अप्रैल को देर रात 03 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 13 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 51 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इस दिन चैत्र पूर्णिमा पर गंगा स्नान किया जाएगा। साथ ही श्रीसत्यनारायण देव की भी पूजा की जाएगी।

**हनुमान जन्मोत्सव शुभ योग**

ज्योतिषियों की मानें तो हनुमान जन्मोत्सव पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर दुर्लभ भद्रावास योग का संयोग है। भद्रावास योग शाम 04 बजकर 35 मिनट तक है। इस दौरान भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। भद्रा के पाताल में रहने के दौरान पृथ्वी पर समस्त जीव-जंतु का कल्याण होता है। इसके साथ ही हस्त और चित्रा नक्षत्र का संयोग हनुमान जन्मोत्सव पर बन रहा है।

## इन राशियों के जीवन में जल्द होने वाला है बड़ा बदलाव, दौड़ने लगेगा रुका हुआ बिजनेस




वर्तमान समय में राहु मीन राशि में विराजमान हैं। इस राशि में राहु 17 मई तक रहेंगे। इसके अगले दिन राहु अपनी चाल बदलेंगे। इस दिन केतु भी राशि परिवर्तन करेंगे। मायावी ग्रह राहु 5 दिसंबर 2026 तक कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे। देवों के देव महादेव की पूजा करने से राहु और केतु की कुदृष्टि से मुक्ति मिलती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, मई का महीना बेहद खास रहने वाला है। इस महीने में कई ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। ग्रहों के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को लाभ होगा। वहीं, कई राशि के जातकों को मायावी ग्रह से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही गुरु देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातक मालामाल होंगे। आइए, इन 2 राशियों के बारे में सबकुछ जानते हैं-**राहु-केतु गोचर**- ज्योतिषियों की मानें तो 18 मई के दिन राहु और केतु राशि परिवर्तन करेंगे। मायावी ग्रह राहु मीन राशि से निकलकर कुंभ राशि में गोचर करेंगे। वहीं, केतु कन्या राशि से निकलकर सिंह राशि में गोचर करेंगे। राहु और केतु के राशि परिवर्तन से मीन और कन्या राशि के जातकों को मायावी ग्रह से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं, कुंभ और सिंह राशि के जातकों को राहु और केतु की कुदृष्टि से गुजरना पड़ सकता है।

# अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न

## बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट सहित 25 संस्थाओं ने प्रदान किया सम्मान





**राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** श्री बागेश्वरधाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट की अगुवाई मे अन्य सहयोगीयो दिया मंडलमाँ गायत्री परिवार , शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति , कस्तूरबा महिला मंडल , कसौधन वैश्य समाज महिला मंडल , आस्था मूक बधिर विद्यालय, व अन्य धार्मिक सामाजिक सेवा संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सेवा के लिए संयुक्त सेवा पंडाल प्रति नवरात्र श्री बागेश्वर धाम मंदिर में लगाया जाता है । पूरे 9 दिन तक पद यात्रियों के विश्राम , स्वास्थ्य ,जलपान एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था विभिन्न समाजसेवीओ के सहयोग से की जाती है । जिसकी जानकारी देते हुए संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राजेश शर्मा,योगेश साहू सौरभ खंडेलवाल विजय गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल, संयोजिका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता,ने बताया कि वर्ष 2024 से बागेश्वर धाम धर्मार्थ ट्रस्ट के द्वारा प्रति नवरात्र एक अभिनव योजना समाजसेवा, धर्मसेवा के क्षेत्र में, सेवा अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले नागरिक का राजनांदगांव रत्न सम्मान से सम्मानित करने की प्रारंभ की गई । प्रथम वर्ष यह सम्मान शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के डॉक्टर डी. सी. जैन दूसरे नवरात्रि मे भगवाताचार्य प. विनोद गोस्वामी को प्रदान किया गया । इस वर्ष का सम्मान विभिन्न धार्मिक , सामाजिक सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता श्री सत्यनारायण मंदिर समिति एवं सुमति मंडल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया को प्रदान किया गया । श्री लोहिया के जीवन परिचय पर ट्रस्ट की संयोजिका प्रज्ञा गुप्ता ने प्रकाश डाला , संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी, डॉ डी सी जैन,सोहनलाल गुप्ता,पंकज गुप्ता , राकेश इंदुभूषण ठाकुर ,, हरजीत सिंह भाटिया , अमलेंदु हाजरा , अशोक पांडे , लक्ष्मण लोहिया , नारायण कन्नौजे,सौरभ खंडेलवाल , संतोष पटाक, मनोज चौधरी , राजकुमार शर्मा,, इत्यादि ने श्री लोहिया के जीवन संदर्भ में अपने विचार साझा किए । श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आज मंदिर के उत्सव भवन में आयोजित गरिमामय समारोह मे श्री अशोक लोहिया को राजनांदगांव रत्न के सम्मान से सम्मानित किया गया । उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया । श्री लोहिया ने अपने उद्बोधन ने कहा कि मनुष्य जीवन हमें इसलिए मिला है कि हम प्रत्येक जीव पर दया कर समाज एवं धर्म के क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । हमें मनुष्य जीवन दूसरों की सेवा के लिए एवं प्रत्येक जीव के प्रति दया के लिए मिला है , इसका सदुपयोग प्रत्येक मनुष्य को करना चाहिए तभी इस जीवन की सार्थकता है , अन्यथा जीवन व्यर्थ है । यह सम्मान मेरे सेवा कार्य का सम्मान है , श्री लोहिया ने सभी से आग्रह किया कि समाज एवं धर्म के लिए कुछ ना कुछ करते रहे । समारोह का सफल संचालन पंकज गुप्ता ने किया ।राजनांदगाव रत्न का सम्मान प्रदान करने वालों में आयोजन समिति के श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी गण संलग्न व अन्य संस्थानो से कस्तूरबा महिला मंडल से श्रीमती अलका जानी, दिया मंडल मां गायत्री परिवार से योगेश साहू, बाल रत्न सेवा मंच से राहुल अग्रवाल अध्यक्ष,पूर्व सैनिक संघ से राजेश शर्मा अध्यक्ष, नादगांव टाइम्स के संपादक वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक पांडे, सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट से रामावतार जोशी,हार्डवेयर व्यापारी संघ से सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष,पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से मयंक शर्मा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वैश्य संघ से श्रीमती आशा गुप्ता अध्यक्ष, अग्रवाल समाज से लोकेश अग्रवाल,अधिवक्ता संघ से मनोज चौधरी अध्यक्ष,शनि धाम परिवार रानी सागर से शैलेंद्र तिवारी,सुमति मंडल से विष्णु लोहिया संरक्षक,विश्व ब्राह्मण महिला मंडल से श्रीमती मौसमी शर्मा,सनातन धर्म सभा से संतोष पटाक प्रदेश अध्यक्ष, राधे राधे ग्रुप से श्रीमती जय श्री गणात्रा, एक पहल एक कोशिश संस्था से विनय साहू सचिव, अग्रहरि वैश्य समाज से पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रहरि,गहोई समाज से प्रदेश अध्यक्ष सुभाष हुंका,कसौधन वैश्य समाज से शरद गुप्ता, अध्यक्ष लायंस क्लब सिटी से अमलेंदु हाजरा, शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति से राकेश इंदु भूषण ठाकुर,स्वदेशी जागरण मंच से राजकुमार शर्मा क्रांति मौर्य ने उपस्थित होकर सम्मान किया श्री लोहिया ने अपने उद्बोधन ने कहा कि मनुष्य जीवन हमें इसलिए मिला है कि हम प्रत्येक जीव पर दया कर समाज एवं धर्म के क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । हमें मनुष्य जीवन दूसरों की सेवा के लिए एवं प्रत्येक जीव के प्रति दया के लिए मिला है , इसका सदुपयोग प्रत्येक मनुष्य को करना चाहिए तभी इस जीवन की सार्थकता है , अन्यथा जीवन व्यर्थ है । यह सम्मान मेरे सेवा कार्य का सम्मान है , श्री लोहिया ने सभी से आग्रह किया कि समाज एवं धर्म के लिए कुछ ना कुछ करते रहे । कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री बागेश्वर मंदिर धनबाद ट्रस्ट के सेवक सूरज गुप्ता द्वारा किया गया । राजनाथ महाराज के सम्मान आयोजन में प्रमुख रूप से श्रीमती माया अग्रवाल, मोना गोसाई, गोमती गुप्ता,लक्ष्मी गुप्ता,अन्नू

**मनुष्य जीवन की सार्थकता सेवा कार्य से है : अशोक लोहिया**

## देवी की कथा है कल्याण कारी मगर वो करेगी असर धीरे धीरे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत के अंतिम दिवस पर महराज जी के द्वारा अंबा यज्ञ और सावित्री कथा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर राजनांदगांव के जाने माने सिंगर संजय बागरेचा जी भी उपस्थित थे और उन्होंने भजन सुनाए। गायिका कल्पी दुबे ने भी अपनी मधुर आवाज में भजन प्रस्तुत किए हजारों भक्त उपस्थित थे, सात दिनों तक निरंतर भजन का आनंद लिया। कीबोर्ड पर कुंदन भाई, ढोलक पर संग्राम भाई और पैड पर रिक्की भाई ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसे सुनने के लिए सभी भक्त उत्सुक थे इस आयोजन का उद्देश्य श्रीमद् देवी भागवत की महिमा को दर्शाना और भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करना था। महराज जी के द्वारा अंबा यज्ञ और सावित्री कथा का आयोजन किया गया था, जिसमें रुद्राक्ष महिमा के बारे में भी बताया गया था,इस आयोजन की सफलता के लिए सभी आयोजकों और उपस्थित भक्तों को बधाई दी जाती है।

## शिव शक्ति मंदिर काली माता मंदिर दीनदयाल कॉलोनी से निकली भव्य कलश यात्रा



**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड नंबर 6 दीनदयाल कॉलोनी मे स्थित शिव शक्ति काली मंदिर से रविवार रात्रि 7.30 बजें भव्य कलश विसर्जन यात्रा निकाली गए जिसमे अत्यधिक श्रद्धांलू भक्त, महिलाये, पुरुष, बुजुर्ग, से लेके छोटे छोटे बच्चो ने अपनी उपस्थिति यात्रा मे दी और यात्रा भव्य स्तर से कॉलोनी से होते हुए खैरागढ़ मार्ग चिखली गौठान होते हुए माता शीतला मंदिर परिसर तालाब पास पहुंची, जहाँ विधिवत पूजा पाठ कर कलश और जवारा विसर्जन किया गया जिसमे महिलाओ द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका और मेहनत रही एवं समिति सदस्यो का पूर्ण रूप से योगदान रहा, विसर्जन क़े पश्चात यात्रा वापस सेवा गीत द्वारा मंदिर पहुंची उसके बाद मंदिर मे सेवा द्वारा आरती क़े बाद समापन किया गया और फिर मंदिर परिसर मे सभी श्रद्धालू भक्तो कि भोजन व्यवस्था कि गई थी सभी लोगों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया जो रात्रि 12 बजें तक चलता रहा, विसर्जन कार्यक्रम सफलता पूर्वक शांति से संपन्न हुआ जिसमे चिखली पुलिस चौकी विभाग कि भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, विभाग द्वारा कार्यक्रम मे प्रारम्भ से अंतिम विसर्जन होते तक और कॉलोनी यात्रा वापसी तक योगदान मिला जिसके चलते कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुवा, जिसके लिए शिव शक्तिसार्वजानिक धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा चिखली चौकी प्रभारी महोदय एवं अन्य उपस्थित विभागीयगण का बहुत बहुत आभार व्यक्त करते है!

## ज्ञान मार्ग पर चलना कलयुग में बहुत मुश्किल है : सुश्री धामेश्वरी देवी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जगद्गुरुत्तम श्री कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी द्वारा स्टेट हाई स्कूल मैदान राजनांदगांव, में चल रही 15 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के चौदहवें दिन बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के तीन स्वरुप हैं। एक निराकार निर्गुण ब्रह्म, दूसरे सगुण साकार परमात्मा, तीसरे सगुण साकार भगवान्। ज्ञानी ब्रह्म के उपासक होते हैं, योगी परमात्मा के उपासक होते हैं और भक्त भगवान के उपासक होते हैं। ज्ञानी अपने बल पर शास्त्र वेदों के ज्ञान के आधार पर साधना करता है तो स्वयं को ही ब्रह्म समझता है, भगवान् के शरणागत नहीं होता।ज्ञान मार्ग पर चलना कलयुग में बहुत मुश्किल है क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए। संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवान् की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवान् के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। ज्ञानी का ज्ञान मार्ग में बार बार पतन होता है जिसकी रक्षा करने वाला न भगवान् होता है न गुरु ही होता है और जो भक्त है भक्ति मार्ग में वो भगवान् तथा गुरु के शरणागत रहता है, आश्रित रहता है इसलिए भगवान् उसकी रक्षा करते हैं। भक्त की रक्षा करते हैं भगवान्, किंतु ज्ञानी की रक्षा नहीं करते। ज्ञानी की रक्षा तब करेगें जब ज्ञानी भगवान् की शरण में जायेगा। जब ज्ञानी भगवान् के शरण में जायेगा तभी उसको ब्रह्मज्ञान अथवा मोक्ष हो सकता है। ज्ञानी भगवान् के शरण में जायेगा तभी उसको ब्रह्मज्ञान अथवा मोक्ष हो सकता है। उसी प्रकार योगी को भी अपने स्वरुप का ही ज्ञान रहता है, ज्ञानी सब कुछ ब्रह्म कहते है और जीव को भी ब्रह्म बताते हैं। असल में जीव को शास्त्रों में इसलिए ब्रह्म बताया गया क्योंकि भगवान् सबके अंदर बैठे हैं, सबके अंदर ब्रह्म व्याप्त हैं न कि जीव ही ब्रह्म है वरना जीव में इतनी सारी कमियाँ हैं और ब्रह्म सर्वसमर्थ सर्वगुण सम्पन्न है। बहुत अंतर है। माया भगवान् की शक्ति होने के कारण बिना उनकी कृपा के नहीं जा सकती। जब तक माया नहीं जायेगी तब तक भगवद्प्राप्ति नही होगी इसलिए भगवान् की शरणागति करना एवं साधना करना आवश्यक है। ज्ञानमार्गी से भक्तिमार्गी श्रेष्ठ है क्योंकि ज्ञानमार्गी का पतन हो जाता है क्योंकि ज्ञानी को अपने ज्ञान का मिथ्या अभिमान होता है बल्कि भक्त अपने आप को दीन हीन, पतित मानता है तो उस पर दीनानाथ भगवान् की कृपा जल्दी हो जाती है। ज्ञानी अपने बल पर चलता है जबकि भक्त भगवान् के बल पर आश्रित होता है। इसलिए भक्त का पतन नहीं होता क्योंकि वहाँ पर गुरु उसका योगक्षेम वहन करते हैं। भगवान् ने गीता में कहा है कि च्मामेव ये प्रपद्यन्ते, मायामेतां तरन्ति तेज् अर्थात् भगवान् के पूर्ण शरणागत होने पर ही माया से पार हो सकते हैं। बड़े बड़े सुकदेवमुनि जो भागवत के रचयिता हुए हैं वो पहले ज्ञानी थे परंतु फिर श्रीकृष्ण की भक्ति करके श्रीकृष्ण का प्रेम प्राप्त किया। भक्ति मार्ग में भगवान श्री कृष्ण का प्रेमानंद या ब्रजरस मिलता है, जिसकी महिमा सभी संतों ने बताई है, वृंदावन में उद्धवजी ब्रजरस में ब्रज के प्रेम में पागल हो गये और गोपियों को गुरु बना लिया था तथा ज्ञान मार्ग को छोड़कर भक्ति मार्ग में आ गये, जनकजी जो ब्रह्मलीन थे भगवान राम को देखकर सगुण ब्रह्म की भक्ति करने लगे। इस प्रकार ज्ञान मार्ग को बहुत कठिन और भक्ति मार्ग को अत्यंत सरल बताया गया है। 15 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के अंतिम दिन कल 8 अप्रैल 2025 को शाम 7 बजे से भक्ति मार्ग पर प्रकाश डाला जावेगा। प्रवचन के पश्चात् श्री गुरुदेव चरण पादुका पूजन के पश्चात् महाआरती का आयोजन होगा।


विकसित पोल्ट्री राष्ट्र, विकसित छत्तीसगढ़
के लिए आईबी ग्रुप की एक मुहिम



श्री सुल्तान अली
सीएमडी, आईबी ग्रुप

श्री बहादुर अली
एमडी,आईबी ग्रुप

ज़ोया आफ़रीन आलम
डायरेक्टर, आईबी ग्रुप

देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव
8 - 9 अप्रैल, 2025
हॉटेल ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड, रायपुर
(6000 से अधिक पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स)

विशेष संवाद:
श्री बहादुर अली एमडी,आईबी ग्रुप
"भारत में आधुनिक पोल्ट्री के जनक"

कॉन्क्लेव का उद्देश्य:
पोल्ट्री सेक्टर में भविष्य की संभावनाएं | पोल्ट्री विशेषज्ञों द्वारा टेक्नीकल सेशन | नए व्यवसायिक अवसर

2047 तक विकसित भारत के विज़न में भागीदारी
हर 1500 व्यक्तियों के लिए एक प्रोटीन सेंटर द्वारा स्वस्थ भारत का निर्माण

प्रोटीन हब बनाना
2035 तक छत्तीसगढ़ बनेगा भारत का पहला प्रोटीन हब

विस्तार योजना
गाँव- गाँव में प्रोटीन उपलब्ध कराने हेतु 1,000 पोल्ट्री ट्रांसपोर्ट वाहनों के लिए 21 करोड़ रुपए की सब्सिडी

चिकन दुकानें अब कहलायेगी प्रोटीन सेंटर
देश की चिकन दुकानें, स्वच्छता मानकों के अनुसार बनेगी प्रोटीन सेंटर

सामाजिक उत्तरदायित्व

परिवर्तन परियोजना: पोल्ट्री फार्मिंग हेतु 100 करोड़ सब्सिडी आबंटित एवं अगले 3 वर्षों में 100 करोड़ सब्सिडी देने की योजना

अस्मिता योजना: मोहला-मानपुर की महिलाओं के सफल प्रशिक्षण के बाद सूरजपुर और जगलदपुर का लक्ष्य

प्रोटीन फॉर ऑल: दिव्यांगों को अंतरराष्ट्रीय खेल एवं रोज़गार में समान अवसर प्रदान करना

स्वस्थ भारत का सपना होगा साकार, जब प्रोटीन बनेगा प्रमुख आहार

अधिक जानकारी के लिए- 7610255555 poultry@ibgroup.co.in


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com